# महिमा खाटूवाले की | by Bawa Verma

खाटूवाले को अपना बना लीजिये
काम फिर चाहे कुछ भी करा लीजिये

ये तो पत्थर को हीरा बना दे
ये तो सागर को गागर में पा दे
चाहे मिटटी को सोना करा लीजिये
काम फिर चाहे कुछ भी करा लीजिये

लोग कहते हैं शीश का दानी
महाभारत में आती कहानी
प्रीत चरणों से इनके लगा लीजिये
काम फिर चाहे कुछ भी करा लीजिये

जिनकी पूजा है करता ज़माना
बाबा वर्मा उसी का दीवाना
भेंट फूलों की माला चढ़ा दीजिये
काम फिर चाहे कुछ भी करा लीजिये

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%80-by-bawa-verma/